प्रेस-विज्ञप्ति **04.05.2019**

दिनांक 04 मई, 2019 को सायं 04:00 बजे कांफ्रेंस रूम, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में "मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं कानपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट सोसाइटी" के संयुक्त तत्वाधान में "How to Scientifically Trade in Stock Market" विषय पर सत्र आयोजित किया गया।
श्री मुकुल टंडन, चेयरमैन, फिजकल कमिटी, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, आज "How to Scientifically Trade in Stock Market" विषय पर आयोजित सत्र में मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं कानपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सोसाइटी की ओर से सभी का स्वागत एवं हार्दिक अभिनन्दन किया। श्री टंडन ने बताय कि स्टॉक मार्केट से सम्बंधित विषय को सत्र के मुख्य-वक्ता श्री कुनाल सराओगी सम्बोधित करेंगे। श्री कुनाल जी-बिजनेस, CNBC Awaaz, ET Now आदि टी.वी. चैनलों पर इक्विटी विश्लेषक के तौर पर आते रहते है। यह आशा करते है कि इस सत्र से हम सभी ज्ञानर्जन करेंगे एवं लाभान्वित होंगे।
Technical Analyst & TV Communicator कुणाल सराओगी ने बताया कि आज के युग में शेयर बाजार में निवेश से अतिरिक्त आमदनी कमाना सब चाहते है, लाखो लोग शेयर बजाए से करोड़ो कमाने के लिए निवेश करते है लेकिन निराश हो जाते है क्योकि शेयर मार्केट में निवेश करने का एक अलग तरीका एवं एक अलग विज्ञान है. श्री सराओगी ने अपने भाषण में निवेश के फैसले करने में Technical Analyst वाले Charts को पालन कर invest करने की विद्या पर जोर दिया। साधारण व्यक्ति भी यदि प्रयास करे तो अच्छा निवेशक बन सकता है। Technical Analyst में Charts के जरिये बाजार में कौन से shares ख़रीदे और कौन से बेचे इसका पता चलता है।
श्री कुणाल सराओगी जी-बिजनेश पर रोजाना निवेशकों को सलाह देते हुए नज़र आते है और साक्षात उनके अनुभव और शेयर मार्किट के इनसाइट्स देते देख लोगों को अच्छा लगा।

सत्र के आयोजन में CA प्रदीप गोएन्का का विशेष भूमिका थी।
सत्र के अन्त में धन्यवाद-प्रस्ताव श्री महेंद्र नाथ मोदी, सचिव, मर्चेंट्स चैम्बर एवं संचालन श्री सीए अमित पांडेय ने किया।

सत्र में उपस्थित गणमान्य: सीए महेंद्र नाथ टंडन, श्री अतुल कनोडिया, डॉ. जय प्रकाश, सीए शशि बाजपेई, मर्चेंट्स चेम्बर के सदस्यगण तथा कानपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट सोसाइटी के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।